# NISAR चरण II परियोजना में शामिल हुआ कुफोस

**स्रोत: द हिंदू**

**NASA-ISRO सिंथेटिक एपर्चर रडार (NISAR)** चरण-II **रडार डेटा के माध्यम से वन बायोमास और कार्बन अनुवीक्षण पर केंद्रित** एक अत्याधुनिक अनुसंधान परियोजना है, हाल ही में **केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज़** (KUFOS) ने इस परियोजना में भाग लेने की घोषणा की है।

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (ISRO) तथा NISAR कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण की सफलता के बाद इस सहयोग की घोषणा की गई है, पहला चरण **विभिन्न क्षेत्रों में वन बायोमास की वास्तविक से जुड़े डेटा के मान्यीकरण** पर केंद्रित था।
- नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2024 में लॉन्च किये जाने के लिये प्रस्तावित **स्पेस-बोर्न सिंथेटिक एपर्चर रडार** का विकास किया जा रहा है।
  - NISAR का लक्ष्य व्यापक क्षेत्रों के उच्च-सटीकता वाले डेटा प्रदान करके पृथ्वी संसाधन के अवलोकन में क्रांति लाना है।
  - यह परियोजना **कृषि, वानिकी, आर्द्रभूमि और मृदा की नमी के आकलन के व्यवस्थित अनुवीक्षण के लिये काफी महत्त्वपूर्ण** है।

**और पढ़ें... NISAR मिशन**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kufos-joins-nisar-phase-ii-project